# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH: BILASPUR:** RENAULT Bilaspur Mob: +91 8448989103. **AMBIKAPUR:** RENAULT Ambikapur Mob: +91 8448987107. **BALODA BAZAR:** RENAULT Baloda Bazar Mob: +91 8448481393. **BHILAI:** RENAULT Bhilai Mob: +91 7290017807. **DHAMTARI:** RENAULT Dhamtari Mob: +91 7838724613. **JAGDALPUR:** RENAULT Jagdalpur Mob: +91 7428297117. **KORBA:** RENAULT Korba Mob: +91 9319184879. **RAIPUR:** RENAULT Raipur Mob: +91 7290017983, RENAULT Mowa Mob: +91 8448481395. **RAJNANDGAON:** RENAULT Rajnandgaon Mob: +91 7428438931.


जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई...
संकलनकर्ता
शैलेश शर्मा
हरिभूमि प्रतिनिधि, चांपा
बी. 102, मारूति टाउनशिप, चांपा
मो. 9425230955, 7587137310


जन्मदिवस की हार्दिक बधाई...
जांजगीर–चांपा जिले के मूर्धन्य जननेता एवं
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शुभेच्छु
डॉ. के.पी. राठौर
डॉ. अतुल राठौर
एवं समस्त परिवार चांपा
सौजन्य से- हेमिन बाई रामनारायण मेमोरियल प्रसूति हॉस्पिटल, चांपा


जांजगीर–चांपा जिले के मूर्धन्य जननेता एवं छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HAPPY Birthday TO YOU
श्यामलाल कुर्रे
एल्डरमेन, नगर पालिका परिषद चांपा
परदेशी केंवट
पूर्व पार्षद, वार्ड क्र. 16 न.पा.प. चांपा


जांजगीर–चांपा जिले के मूर्धन्य जननेता एवं
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
संतोष अग्रवाल
महासचिव, जिला उद्योग संघ, जांजगीर-चांपा
विशाल केडिया
चांपा


जन्मदिवस की हार्दिक बधाई...
जांजगीर–चांपा जिले के मूर्धन्य जननेता एवं
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई...
शुभेच्छु
मो. इब्राहिम मेमन
कांग्रेस नेता
जांजगीर-चाम्पा विधानसभा
टिंकू जी.एच. मेमन
सचिव
छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी


जांजगीर–चांपा जिले के
मूर्धन्य जननेता एवं
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पंकज शुक्ला
विधानसभा अध्यक्ष
युवक कांग्रेस
जांजगीर-चाम्पा विधानसभा


मेरा नेता
मेरा अभिमान
जांजगीर–चांपा जिले के
मूर्धन्य जननेता एवं
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास जी महंत
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई...
शुभेच्छु
नागेन्द्र कुमार गुप्ता
प्रवक्ता, जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा
पार्षद वार्ड क्र. 21, नगरपालिका परिषद, चांपा
अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति एम.एम.आर शा.
स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा
नागेन्द्र कुमार गुप्ता


जन्मदिवस की हार्दिक बधाई...
जांजगीर-चांपा जिले के मूर्धन्य जननेता एवं छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास महंत जी
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
: शुभेच्छु :
सज्जन अग्रवाल
उपाध्यक्ष- छ.ग. लघु एवं सहायक उद्योग संघ
अध्यक्ष, जिला उद्योग संघ जांजगीर-चांपा, पूर्व अध्यक्ष, लायंस क्लब चांपा


जीवेत शरद: शतम्
हमारे परम आदरणीय
छ.ग. विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष
डॉ. चरणदास महंत
को आज उनके
जन्मदिवस पर
कोटिश: शुभकामनाएं
एवं बधाईयां...
शुभेच्छु
गणेश कुमार मोदी
पूर्व अध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ, चांपा
पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा
अभय मोदी (कान्हा)
युवा नेता, चांपा

4 सेना भर्ती तैयारियों का कलेक्टर, एसपी एवं सेना अधिकारियों ने लिया जायजा




## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 दिसम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2023 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव व नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें।

### यातायात नियम का उल्लंघन 84 चालकों से वसूले 25 हजार

**जांजगीर-चांपा।** जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 84 वाहन चालकों से 25 हजार 6 सौ का संमन शुल्क वसूल किया गया है। कार्रवाई के तहत नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 84 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 25 हजार 600 रूपए का समन शुल्क लिया गया।

जाटा में 72 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर हो रही खेती, 50 एकड़ जमीन का हो चुका चिन्हांकन

# सरकारी जमीन पर लगे धान की होगी जब्ती, नाप जोख कर लगा रहे लाल झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

जाटा में 72 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर धान की फसल लगाई जा रही है। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। दो दिन के अंदर ही 50 एकड़ जमीन का चिन्हांकन कर लाल झंडा लगाया जा चुका है। आगे फसल की कटाई कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने के लिये एक दशक पूर्व पहल की गई थी। तत्कालीन कलेक्टर एस भारतीदासन ने अभियान चलवाया था। उस दौरान सारागाँव तहसील अंतर्गत ग्राम जाटा में 72 एकड़ सरकारी जमीन को कब्जा से मुक्त कर लाल झंडा लगवाया गया था। कुछ साल बाद अतिक्रमणकारियो ने झंडे को उखाड़ कर फिर से कब्जा करना शुरू कर दिया। बेजा कब्जा कर अतिक्रमणकारी फिर से इस जमीन पर खेती करने लगे। लगातार हुई शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और 11 दिसंबर को गांव में कोटवार से मुनादी कराई गई। शासकीय भूमि पर अवैध रूप से धान की खेती करने वाले किसानो से फ़सल नहीं काटने की मुनादी कराने के बाद 11 दिसंबर से ही मौके पर पहुंच कर तहसीलदार की टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। शासकीय भूमि की नापजोंख करते हुए जमीन को चिन्हित कर लाल झंडे लगवाए जा रहे हैं। सोमवार 11 दिसंबर के बाद मंगलवार 12 दिसंबर को भी यह अभियान चला। दो दिन में ही 50 एकड़ भूमि को चिन्हित कर लाल झंडा लगवा दिया गया है। बुधवार 13 दिसंबर को भी ये कार्रवाई चलेगी और इसके बाद फसल जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एक दशक पहले कोसमंदा गांव में भी बडी तादाद में ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर फसल लगा ली थी। प्रशासन ने वहां 2 सौ एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर फसल जब्त किया था। अब जाटा में फसल जब्ती की कार्रवाई होगी।



जमीन की नाप जोंख कर लाल झंडा लगवाते तहसीलदार।

### मुनादी के बाद भी फ़सल की कटाई

प्रशासन के निर्देश के बाद कोटवार द्वारा गाँव में शासकीय भूमि से फ़सल नहीं काटने की मुनादी करने के बाद भी कुछ किसान अपने आप को क़ानून से ऊपर बताते हुए धान की कटाई कर लिये हैं। वहीं बाकी किसानों की धान खेत में ही पड़ी है। प्रशासन सरकारी जमीन को कब्जा से मुक्त कराने लाल झंडा लगाने की कार्रवाई कर रही है। अब देखना होगा कि एक दशक पूर्व प्रशासन द्वारा लगाए गए लाल झंडे को उखाड़कर खेती करने वालो के खिलाफ प्रशासन आगे किस तरह की कानूनी कार्रवाई करती है।

### फसल करेंगे जब्त

जाटा गांव में बड़े पैमाने पर शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से बेजाकब्जा कर लम्बे समय से खेती की जा रही है। शासकीय भूमि को सुरक्षित करने के उद्देश्य से नाप जोख कर लाल झंडा लगाया जा रहा है। आगे उच्चाधिकारियो के निर्देश प्राप्त होने के बाद फसल जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

**-राजकुमार मरावी,**
तहसीलदार, सारागांव

# प्लेसमेंट कैंप में 80 पदों के लिए भर्ती, पहुंचे महज 43 बेरोजगार

## कम सैलरी के कारण युवाओं का हो रहा मोहभंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्लेसमेंट कैंप को लेकर युवा बेरोजगारों का मोह भंग होने लगा है। कम वेतनमान की नौकरी के कारण शिक्षित बेरोजगार अब कैंप में कम ही पहुंच रहे है। जिला रोजगार कार्यालय में मंगलवार को निजी कंपनी में 80 पदों की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप लगाया गया। कैंप में महज 43 बेरोजगार ही पहुंचे।

गौरतलब है कि जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर में मंगलवार 12 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। निजी क्षेत्र के चैतन्य इंडिया फाइनेंसियल केडिट प्राइवेट लिमिटेड के 50 पदो पर भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओ से आवेदन मंगाए गए इनमें रोजगार पाने के लिए महज 29 युवा ही पहुंचे वही 5 बेरोजगारो को ही नौकरी मिल पाई। इसी प्रकार बायोप्लाटिक लिमिटेड में सेल्स रिप्रेजेटेटिव में 30 पदो के लिए आवेदन मंगाए गए जिसमे नौकरी पाने के लिए महज 14 युवा ही पहुंचे। इनमें से 12 का चयन मौके पर से किया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो दोनो पदो के लिए नौकरी पाने 80 पद स्वीकृत किए गए। इनमें से नौकरी पाने 43 बेरोजगार युवा पहुंचे एंव नौकरी पाने 17 का चयन किया गया। जबकि अभी 26 युवाओ को बाद मे बुलाने की तैयारी की जा रही है। देखा जाए तो प्लेसमेंट कैंप से युवाओं का धीरे धीरे मोह भंग होते जा रहा है। वहीं जिस हिसाब से जिले में बेरोजगारों की संख्या है, उसके हिसाब से बेरोजगार रोजगार पाने के लिए भी नहीं पहुंच पा रहे है। इधर प्रशासन द्वारा शिक्षित युवा बेरोजगारों को प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से नौकरी देने एवं प्रशिक्षण से जोड़ने व्यापक रूप से प्रचार प्रचार कर लाखों रुपए भी खर्च कर दिए जा रहे है। वहीं प्लेसमेंट कैंप में नौकरी को लेकर शिक्षित बेरोजगारों की रूचि कम नजर आ रही है। इसकी प्रमुख वजह वेतनमान को माना जा रहा है। निजी कंपनी के नियोक्ता छोटे पदों पर भर्ती लेते है। जिसके वेतनमान भी काफी कम रहता है। यही वजह है कि ज्यादा पढ़ाई कर चुके बेरोजगार ऐसे कैंप में शामिल नहीं होते। इसके पूर्व में भी जिला मुख्यालय जांजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन होता रहा है लेकिन नौकरी को लेकर युवा ध्यान तक नही दे रहे है। मंगलवार का आयोजित प्लेसमेंट कैंप में दोनो पदो के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 एंव 12 वी पास निर्धारित कर चयनित युवाओ को 8 हजार 300 रूपए प्रतिमाह एंव 15 हजार रूपए तक देने की बात कही जा रही है। इसके बाद कई बेरोजगार युवा नौकरी पाने के लिए ध्यान तक नही दे रहे है। वही जिम्मेदार विभाग का अमला भी इस पर ध्यान तक नही दे पा रहा है।



प्लेसमेंट कैंप में पहुंचे बेरोजगार।

### किया गया चयन

चैतन्य इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एंव सेल्स रिप्रेजेटेटिव के 80 पदो के भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। नौकरी पाने करीब 43 बेरोजगार पहुंचे इनमें से 17 का चयन नौकरी के लिए किया गया है।

**-एम.आर.जायसवाल,**
जिला रोजगार अधिकारी, जांजगीर




